कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
iwoZ uke&'kkldh; dU;k egkfo|ky;]nqxZ ¼N-x-½ Qksu 0788&2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.12.2023

// प्रेस विज्ञप्ति //

# गर्ल्स कॉलेज में
# विश्व मृदा दिवस आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वनस्पतिशास्त्र विभाग के तत्वाधान में विश्व मृदा दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई। विभागाध्यक्ष डॉ. ऊषा चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष विश्व मृदा दिवस की थीम ‘‘मिट्टी और पानी जीवन का स्त्रोत है’’। इसी विषय को लेकर भाषण तथा पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगितायें आयोजित की गई।

इस अवसर पर छात्राओं ने मिट्टी और पानी के संरक्षण पर अपनी प्रस्तुती दी। महाविद्यालय के एक्वा क्लब द्वारा जल संरक्षण के लिये जागरूकता अभियान चलाया। महाविद्यालय में आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में बी.एससी. भाग-2 की कु. दीक्षा सिन्हा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बी.एससी. भाग-3 की कु. मुस्कान यादव तथा कु. कुसुम देशमुख ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांत्वना पुरस्कार कु. कावेरी कुम्भकार तथा रेणुका यादव को दिया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में छात्राओं ने मृदा के महत्व, उपयोगिता और संरक्षण पर आधारित पोस्टर बनाये थे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. लता मेश्राम तथा डॉ. सुषमा यादव थी।

कार्यक्रम में बड़ी संख्याओं में छात्राओं ने भागीदारी की।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

## गर्ल्स कॉलेज में
## विश्व मृदा दिवस आयोजित